हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक—101 : जौनपुर, शुक्रवार 16 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज —4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी ने 431 वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों को वितरित किया नियुक्ति पत्र

लखनऊ ब्यूरो : लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कृषि सेवा वर्ग के चयनित 431 वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर रहे हैं। कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, राज्यमंत्री बलदेव सिंह ओळख और अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी मौजूद है। चयनित अभ्यर्थियों की ओर से पारदर्शी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके चयन के लिए ह्रदय से बधाई। चयनित अभ्यर्थियों के पास डिग्री के साथ अच्छा अनुभव भी है। लेकिन अब तक उसका लाभ नही मिल पा रहा था। अब चयनित अभ्यर्थियों की ऊर्जा का लाभ किसानों को मिलेगा। यूपी कृषि प्रधान प्रदेश है। आजीविका का माध्यम कृषि है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर अनेक प्रयास कर रहे हैं। अच्छी तकनीक और अच्छे बीज उर्वरक उपलब्ध करा रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। किसानों की मदद में इनका बड़ा महत्व



है। यूपी को ग्रोथ इंजन बनाना है तो सबसे अच्छी संभावना वाले क्षेत्र को चिन्हित करना होगा। जो क्षमता है उसका उपयोग करेंगे तो वह तीन गुना बढ़ जाएगी। यूपी पूरी दुनिया का पेट भरने की ताकत रखता है।

## स्वीडन से मिला 15 हजार करोड़ का निवेश प्रस्ताव : फिल्म सिटी में भी करेंगे निवेश

लखनऊ ब्यूरो : स्वीडन में रोड शो करने गए औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी और पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद को स्टॉकहोम में 15 हजार करोड़ से अधिक का निवेश प्रस्ताव मिला है। स्वीडन की प्रमुख कंपनी आईएनजीकेए की ओर से यूपी में रिटेल स्टोर्स, लग्जरी मॉल और निर्माण कंपनी सरनेके ने यूपी फिल्म सिटी में दस हजार करोड़ का निवेश करने का प्रस्ताव दिया है। आईएनजीकेए के जैन क्रिस्टेंसन और जैन क्रेलिना ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान रिटेल स्टोर्स और लग्जरी मॉल्स की श्रृंखला के विस्तार के लिए 4300 करोड़ रुपये का निवेश पर चर्चा हुई। लक्जमबर्ग स्थित बोसोन एनर्जी ने स्टॉकहोम रोड शो में उत्तर प्रदेश में अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन की परियोजना स्थापित करने के लिए 1000 करोड़ रुपये का निवेश पर बात की है। स्टॉकहोम में रोड शो के दौरान आयोजित विभिन्न बैठकों में रक्षा, कपड़ा और वस्त्र, खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा, अपशिष्ट और जल प्रबंधन, और परिवहन सहित क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर चर्चा की गई। निवेश के लिए उचित जगह यूपी स्वीडन में भारत के राजदूत तन्मय लाल ने कहा कि यूपी निवेश के अनंत अवसरों के साथ भारत में नए निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है। उन्होंने स्वीडिश निवेशकों से भारत में अपने निवेश गंतव्य के रूप में यूपी को चुनने का आग्रह किया। अर्जेंटीना के उद्यमियों को किया निवेश के लिए आमत्रित उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अर्जेंटीना चेंबर ऑफ कॉमर्स फॉर एशिया पैसेफिक के प्रतिनिधियों से की मुलाकात की। उन्होंने उद्यमियों को यूपी में खाद्य प्रसंस्करण और आईटी के क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया है। अर्जेंटीना में उद्यमियों एवं व्यावसायिक संस्थानों के प्रतिनिधियों से मुलाकात में पाठक ने कहा कि यूपी में व्यापार की असीम संभावनाएं हैं। उद्यमियों से मुलाकात करते हुए ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में आने का निमंत्रण दिया और विभिन्न सेक्टरों में निवेश के मुद्दो पर चर्चा की। उन्होंने सौ देशों में कारोबार व 45 देशों में खाद्य उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग यूनिटों का संचालन कर रही दिग्गज लैटिन अमेरिकी कंपनी आर्कोर के प्रतिनिधियों से यूपी में निवेश के लिए आग्रह किया। आईटी सेक्टर से जुड़ी कंपनी ग्लोबानेट एवं कृषि से जुड़ी क्रेसुड से यूपी में इन्वेस्टमेंट और अन्य महत्वपूर्ण व्यापारिक मुद्दों को लेकर विचार साझा किए। साब यूपी में स्थापित करेगी हथियार कारखाना विश्व की प्रमुख एयरक्राफ्ट और हथियार निर्माता कंपनी साब यूपी में भी हथियार निर्माण की यूनिट स्थापित करेगी। औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी और पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के नेतृत्व में गए प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को स्वीडन में साब के मुख्यालय में उनके प्रमुख अधिकारियों से मुलाकात की। सरकार ने उन्हें डिफेंस कॉरिडोर के अलीगढ़ नोड में प्लांट के लिए जमीन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा है। आशीष पटेल इजो कॉरपोरेशन को निवेश प्रस्ताव दिया प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने बुधवार को जापान में वहां की प्रमुख कंपनी इजो कॉरपोरेशन को यूपी में स्वास्थ्य सेवाओं और एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट की यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। पटेल ने इजो के प्रमुख अधिकारियों से मुलाकात की। उनके साथ मुख्यमंत्री के सलाहकार जीएन सिंह भी मौजूद थे।

## विजय दिवस के अवसर टी0डी0इ0का0 में सैनिक सम्मान समारोह का किया गया भव्य आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विजय दिवस के अवसर टी0डी0इ0का0 में आयोजित सैनिक सम्मान समारोह का शुभारम्भ प्रधानाचार्य डॉ0 वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज का आरोहण करके किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ0 वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि 1971 भारत—पाक युद्ध विश्व में निर्णायक युद्ध में संज्ञानित किया जाता है। सेनाध्यक्ष मानेक्शा के नेतृत्व में भारतीय सेना ने विजय गाथा सृजित किया था। 93000 पाकिस्तानी सैनिकों का भारतीय सेना के सामने आत्मसर्मपण करना विश्व इतिहास में महत्वपूर्ण घटना है। कर्नल निलांक्ष पन्थ ने सम्बोधित करते हुए कहा कि विजय दिवस हमारे मनोबल को उच्च करने का दिवस है। कैप्टन रमेश चन्द्र एवं वरिष्ठ प्रवक्ता प्रदीप कुमार ने भी सम्बोधन में सैनिकों के बलिदान को प्रशंसनीय बताया। प्रधानाचार्य डॉ0 वीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित समस्त विद्यालय परिवार ने कर्नल निलांक्ष पन्थ सहित उपस्थित सैन्य अधिकारियों का माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया। सम्मान समारोह में छात्र—छात्राओं ने मनमोहक देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। नन्दनी, ऑचल चौहान एवं खुशी द्वारा



प्रस्तुत गीत पर उपस्थित जन समुदाय भावुक हो गया। इस अवसर पर कर्नल निलांक्ष, सूबेदार राजेश कुमार सिंह हविलदार संजय कुमार, अखिलेश कुमार परवीर बिन्दो, कैप्टन रमेश चन्द्र सिंह, लेफ्टिनेंट राकेश कुमार, केयर टेकर विभुति विक्रम सिंह, पी0के सिंह, जर्नादन सिंह, ह्रदय कुमार सिंह, दिनेश कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, कमलेश कुमार यादव, शैलेश कुमार, डॉ0 रीता सिंह, गीता मिश्रा, नम्रता सिंह, सरिथा सिंह, जिलेदार सिंह, मनोज कुमार सिंह, डॉ0 सुनील सिंह, संजीव यादव, बद्रीनाथ सिंह, अम्बर कुमार सिंह सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे। समारोह का संचालन कैप्टन रमेश चन्द्र सिंह ने किया।

## एसआई भर्ती फर्जीवाड़े में 11 पर केस तीन गिरफ्तार : एसपी ने दर्ज कराया मुकदमा

लखनऊ ब्यूरो : एसआई भर्ती परीक्षा 20—21 में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया। यह फर्जीवाड़ा गोरखपुर के न्यू सर्वोदय आन लाइन सेंटर पर किया गया है। पुलिस इस मामले में उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के एसपी की तहरीर पर 11 के खिलाफ जासलाजी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करना, साजिश रचने और आईटी एक्ट का केस दर्ज किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। डीसीपी मध्य अपर्णा रजत कौशिक के मुताबिक उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के एसपी हफीजुर रहमान ने तहरीर दी। जिसमें एसआई भर्ती 2020—21 में फर्जी तरीके से युवकों को नौकरी दिलाने वाले गिरोह के बारे में जानकारी दी। तहरीर के मुताबिक इस मामले में 11 लोगों के नाम सामने आये हैं। इन सभी ने मिलकर भर्ती बोर्ड की परीक्षा में गलत तरीके से अभ्यर्थियों को पास कराने के लिए मोटी रकम हासिल की और प्रमाण पत्र लगाये। एसपी हफीजुर रहमान की तहरीर पर पुलिस ने जौनपुर के कान्हापुर सोनहिता के रितेश, प्रतापगढ़ आसपुर देवसरा के अतुल यादव, किला चौराहा आशियाना का अजय चौहान, बांगरकला करौंदी सुल्तानपुर का वीके सिंह उर्फ बृजीत सिंह, बलिया बैरिया के शशि, फरीदाबाद हरियाणा के बृजपाल यादव , गोरखपुर गुलहरिया शिवपुर




सहबाजगंज के अनुभव सिंह, न्यू सर्वोदय आन लाइन सेंटर गोरखपुर के एपीओसी आनंद कुमार सिंह, न्यू सर्वोदय आन लाइन सेंटर गोरखपुर सीपी सूरज कुमार मिश्रा, संस्था के आनंद मिश्रा व आईटी सुपरवाइजर जगदीश्वर पांडेय के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। डीसीपी मध्य के मुताबिक इस मामले में पुलिस ने आरोपी जौनपुर के रितेश कुमार, मूलरूप से बलिया मनियर सूर्यपुरा का अजय चौहान ( आशियाना के किला चौराहे पर रहता है) और बृजीत सिंह उर्फ वीके सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से पुलिस टीम ने 104 अभ्यर्थियों के हाई स्कूल व इंटरमीडिया के अंक पत्र व प्रमाण पत्र, कूटरचित चरित्र प्रमाण पत्र, 104 ब्लैंक चेक, पांच मोबाइल, 7100 नकदी, कूट रचित दस्तावेज व मुहर बरामद किया है।

## जौनपुर में डॉक्टर ने ऑपरेशन के दौरान महिला के पेट में छोड़ा रुमाल : प्रयागराज में ऑपरेशन के बाद लगा पता

प्रयागराज डीकेयू ब्यूरो : पीड़िता के पति ने थाने में तहरीर देकर रुमाल छोड़ने वाले डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उमरपुर ग्राम सभा निवासी राकेश गौतम की पत्नी कंचन गर्भवती थीं। प्रसव के लिए सुजानगंज बेलवार तिराहे स्थित हॉस्पिटल में भर्ती कराया। राकेश ने बताया कि 24 सितंबर को डॉक्टर ने ऑपरेशन के लिए कहा। ऑपरेशन करके प्रसव कराया, लेकिन उस दौरान रुमाल पेट में ही छोड़ दिया। करीब एक महीने के बाद पीड़िता कंचन के पेट में दर्द एवं बुखार होने लगा। इधर—उधर दिखाने के बाद भी आराम न मिलने पर दूसरी जगह जांच कराई गई। अल्ट्रासाउंड में पता चला कि पेट में कुछ है। उसी आधार पर प्रयागराज के एक डॉक्टर ने ऑपरेशन करके सात नवंबर को पेट से रुमाल निकाला। अब जब कंचन की तबियत ठीक हुई तब राकेश ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी। राकेश के अनुसार प्रसव कराने वाले डॉक्टर ने 68 हजार रुपये ले लिए थे, लेकिन लापरवाही की। थानाध्यक्ष सुजानगंज घनश्याम शुक्ल ने बताया की राकेश की तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। अस्पताल का संचालक क्लीनिक बंद करके फरार है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## जयपुरिया इंस्टिट्यूट में मशाल 3.0 का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमती नगर स्थित जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में दो दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स टूर्नामेंट मशाल 3.0 का आरम्भ शुक्रवार को हुआ। देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 20 कॉलेज इस भव्य खेल आयोजन में भाग ले रहे हैं, जिसमें 12 आयोजनों में लगभग 500 छात्र भाग ले रहे हैं। इस वर्ष मशाल खेल आयोजन में फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, खो—खो, टग ऑफ वॉर, कर्रम, टेबल टेनिस जैसे खेलो में छात्र प्रतिस्पर्धा करेंगे। मशाल 3.0 एक ऐसा मंच है जो छात्रों को स्पोर्ट्स में अपने कौशल का प्रदर्शन करने और अपने साथियों के बीच शीर्ष प्रतिस्पर्धी के रूप में अपनी पहचान बनाने के कई अवसर देता है। संस्थान ने अलग अलग स्थानों से आये सर्वश्रेष्ठ एथलीटों की पहचान करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण खेल आयोजन बनाए हैं। मशाल 3.0 की शुरुआत उद्घाटन के साथ हुई। उद्घाटन समारोह के चीफ गेस्ट श्री धर्मेश कुमार शाही, डी.एस.पी – स्पेशल टास्क फोर्स,यू.पी. पुलिस थे। जयपुरिया इंस्टिट्यूट की निदेशक डॉ. कविता पाठक ने छात्रों को खेलो के महत्त्व के बारे में बताया। डॉ. पाठक ने छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा ''छात्रों के लिए अपनी प्रतिभा को सामने लाने का यह एक सुनहरा अवसर है। खेल के मैदान में जीतने वाला हारने वाले को देखता हैं और हारने वाला जितने वाले को, वे एक दूसरे से कुछ न कुछ सीख लेते हैं। उम्मीद और नाउम्मीदी साथ चलते हैं। तभी कहा जाता है की खेल भावना रखिये



अर्थात उसका आनंद ले, हार होने पर निराश न हों, जीत पर अहंकार न हो। हर खेल अलग होगा आज बाजी आपकी तरफ है, कल किसी और की तरफ होगी''। इस अवसर पर जयपुरिया इंस्टिट्यूट में प्रोफेसर तथा स्पोर्ट्स कमिटी के अध्यक्ष डॉ. हेमेंद्र गुप्ता ने कहा '' विभिन्न क्षेत्रों से आये प्रतिभाशाली छात्रों के कौशल को देख हम सभी काफी उत्साहित हैं। इस प्रकार के टूर्नामेंट न सिर्फ छात्रों के मनोबल को बढ़ाते हैं बल्कि उन्हें प्रतिस्पर्धा कर अपने कौशल का विकास करने के भी अवसर प्रदान करते हैं। डॉ रश्मि चौधरी, एसोसिएट डीन – स्टूडेंट अफेयर्स ने कहा ''छात्रों द्वारा प्रदर्शित टीम भावना और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए स्पोर्ट्स कमिटी और स्टूडेंट डेवलपमेंट कॉउन्सिल के कठोर प्रयासो तथा सफलता के लिए मैं उन्हें बधाई देती हूँ।'' सभी खेलो के फाइनल राउंड्स मशाल के दुसरे दिन होंगे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई—पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें— उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें—

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

—संपादक

## कृष्णा नगर मार्केट के मेन रोड पर बैटरी रिक्शाचालकों ने बनाया अवैध स्टैंड

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कृष्णा नगर मार्केट में मेन रोड पर बैटरी रिक्शा के द्वारा अवैध तरीके से पूरी सड़क अतिक्रमण कर ली जा रही है जिससे सुबह से शाम तक मार्केट में आने वाले सभी कस्टमर



व मार्केट के माल के आने जाने में व्यवधान उत्पन्न होता है और इसके लिए कई बार रिक्शा वालों से मना करने पर व बहस झगड़ा और गाली गलौज करने लगते हैं। मार्केट के दुकानदार ( यश मेंस पार्लर) के लवकुश यादव जिनसे सुबह रिक्शा वालों से बहस हो गई।जब तक मार्केट में लोग आए वह सभी भाग गए। मार्केट के लिए उचित नहीं है। व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही। व्यापारी लवकुश यादव ने प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर को दी गई तहरीर में निवेदन किया है कि मार्केट की मैन रोड से इस रिक्शा के अवैध अतिक्रमण को हटवाने की कृपा करें जिससे सभी व्यापारिक गतिविधियां सुचारू रूप से चल सके,अपना ठीक से व्यापार कर सकें।

## भारतीय सेना के जवान हम सभी के लिए आदरणीय हैं —मनीष सिंह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस.के.डी. एकेडमी में आज विजय दिवस मनाया गया। एसकेडी एकेडमी के विद्यार्थियों ने आज 16 दिसम्बर 1971 को भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के विरूद्ध विजय को




विजय दिवस के रूप में मनाया। साथ ही भारतीय सेना के जवानों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की जिन्होंने वीरता पूर्वक देश के लिए संघर्ष करते हुये अपने प्राणों का बलिदान दिया। इस अवसर पर निदेशक मनीष सिंह ने अमर शहीदों के अभूतपूर्व योगदान को नमन करते हुये कहा कि भारतीय सेना के जवान हम सभी के लिए आदरणीय हैं क्योंकि अपने जीवन का बलिदान देकर वो पूरे देश के देशवासियों की सदैव रक्षा करते हैं। हम सभी उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं एवं आज के दिन को विजय दिवस के रूप में उत्सव की तरह मनाते हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*—सुविचार—*

**हार को जीत में बदलना हो तो अपनी इच्छा को प्रभु इच्छा में मिला दो।**

*—साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# हाशिये पर: वे जो सुर्खियों में नहीं हैं

हमारे पास इस बात का विश्वसनीय आंकड़ा होना चाहिए कि कितने भारतीय अब भी मानव अपशिष्ट की असुरक्षित सफाई जैसी गतिविधि में शामिल हैं। यह भी समझने की जरूरत है कि मैला ढोने वालों के पुनर्वास के लिए बनाई गई विभिन्न योजनाएं पूरी तरह से काम क्यों नहीं कर पाई हैं।

विश्व कप फुटबॉल और चुनावी विश्लेषण के सुर्खियों में रहने के साथ एक बार फिर एक बहुत ही गंभीर सवाल धीरे–धीरे सार्वजनिक चर्चा में छाए रहने की संभावना है। सीवर और सेप्टिक टैंक की खतरनाक सफाई करते समय 'दुर्घटनाओं' के कारण भारतीयों की मौत वर्ष 2022 में भी क्यों जारी है?

इस हफ्ते केंद्र सरकार ने लोकसभा को बताया कि देश में पिछले तीन वर्षों (2019 से 2022) में हाथ से मैला ढोने के कारण किसी की मौत नहीं हुई, लेकिन इस अवधि के दौरान 233 लोगों की मौत 'सीवर और सेप्टिक टैंक की खतरनाक सफाई करते समय दुर्घटनाओं के कारण' हुई। उसके तुरंत बाद, सफाई कर्मचारी आंदोलन के राष्ट्रीय संयोजक, बेजवाड़ा विल्सन ने ट्वीट किया, 'सरकार सभी सीवर और सेप्टिक टैंक में हुई मौतों को केवल दुर्घटनाओं बताने की इच्छुक है। ऐसे में, इस अप्रतिष्ठित जाति–आधारित कुप्रथा को समाप्त करने की उम्मीद नहीं की जा सकती है।' सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने एक लिखित उत्तर में लोकसभा को बताया कि 2022 में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 48 श्रमिकों की मौत हुई, जिनमें दिल्ली के चार और हरियाणा के 13 (देश में सर्वाधिक) सफाईकर्मी शामिल थे। सरकार ने कहा कि 2022 में सीवर की खतरनाक सफाई के दौरान मरने वाले 48 लोगों में से 43 को अब तक मुआवजा दिया जा चुका है।

पिछले साल (दिसंबर, 2021) राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने कहा था कि पिछले पांच वर्षों में मैला ढोने से किसी की मौत की सूचना नहीं मिली है। हालांकि, 2017 से 2021 के बीच सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान 321 लोगों की जान चली गई।

ऐसा क्यों है कि साल–दर–साल अनुसूचित जाति के लोग इस तरह के क्रूर अपमानजनक काम करते हुए मर जाते हैं? साल–दर–साल मैला ढोने की कुप्रथा को खत्म करने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर संसद में सवाल उठाए जाते हैं। आखिर हम इस पर और जोरदार ढंग से चर्चा क्यों नहीं करते? गंदे शौचालयों में हाथ से मानव मल को साफ करने और उसे सिर पर ढोकर ले जाने की अनुमति कानून में नहीं है। 'मैनुअल स्कैवेंजर्स के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013' के तहत हाथ से मैला ढोने की कुप्रथा को प्रतिबंधित कर दिया गया है। लेकिन वास्तविकता में इस जाति–आधारित अमानवीय प्रथा के खत्म होने का कोई संकेत नहीं दिखाई देता है।

यह एक पुरानी कहानी है। पिछली और वर्तमान सरकारें, सीवरों और सेप्टिक टैंकों की खतरनाक सफाई को रोकने के लिए स्वयं द्वारा उठाए गए कदमों को गिनाती हैं। लेकिन ऐसी मौतें लगातार जारी हैं। एक के बाद एक आने वाली सरकारों ने मरने वालों के परिवारों को मुआवजा देने की भी बात कही है।

हमें इन सबके प्रति उदासीन नहीं रहना चाहिए। हमें सवाल पूछना चाहिए कि मौतें क्यों हो रही हैं और मानवाधिकार के पैरोकारों और जमीनी कार्यकर्ताओं की बातें सुननी चाहिए, जो जाति व्यवस्था में निहित इस अमानवीय प्रथा से संबंधित प्रमुख प्रश्न उठा रहे हैं।

मैला ढोने की प्रथा के बारे में एक सार्थक राष्ट्रव्यापी बहस का प्रारंभिक बिंदु विश्वसनीय आंकड़ा है। जनवरी, 2021 में, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के एक आधिकारिक बयान में कहा गया था, 'मैन्युअल स्कैवेंजिंग पर एनएचआरसी द्वारा आयोजित क्षेत्रीय कार्यशाला में यह दृढ़ता से महसूस किया गया था कि कई राज्य यह दावा करते हैं कि उनके यहां एक भी मैला ढोने वाले और गंदे शौचालय नहीं हैं, लेकिन यह सच नहीं है। इसलिए आयोग ने सिफारिश की है कि देश के किसी भी क्षेत्र में मैला ढोने वालों की संख्या के बारे में संबंधित अधिकारियों द्वारा गलत सूचना दिए जाने के मामले में जवाबदेही तय की जानी चाहिए।'

हमारे पास इस बात का विश्वसनीय आंकड़ा होना चाहिए कि कितने भारतीय अब भी इस घृणित गतिविधि में शामिल हैं। फिर हमें यह समझने की जरूरत है कि मैला ढोने वालों के पुनर्वास के लिए बनाई गई विभिन्न योजनाएं पूरी तरह से काम क्यों नहीं कर पाई हैं। ऐसी पुनर्वास योजनाओं में एकमुश्त नकद सहायता, कौशल विकास प्रशिक्षण और सब्सिडी शामिल हैं।

संसद की स्थायी समिति की रिपोर्ट (2020) में कुछ ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है, जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए, समिति ने बताया कि 31 मार्च, 2020 तक देश में 63,246 मैला ढोने वालों की पहचान की गई थी। समिति ने निराशा जताई कि एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण में चिह्नित 48,687 हाथ से मैला ढोने वालों में से केवल 30,246 सफाई कर्मियों की मुक्ति और पुनर्वास के लिए स्वरोजगार योजना (एसआरएमएस) के तहत एकमुश्त नकद सहायता (ओटीसीए) प्रदान की गई थी।

'कथित तौर पर, राज्य सरकारों द्वारा प्रदान किए गए बैंक खातों, पते आदि के अधूरे विवरण के कारण शेष मैला ढोने वालों को ओटीसीए प्रदान नहीं किया जा सका। समिति के विचार से सरकार की प्रतिबद्धता के अनुसार सभी मैला ढोने वालों को ओटीसीए प्रदान किया जाना चाहिए। इसलिए वह विभाग से सक्रिय रूप से संबंधित राज्य सरकारों से अपेक्षित विवरण प्राप्त करने का आग्रह करती है। समिति ने यह भी रेखांकित किया कि अभी तक 9,563 मैला ढोने वालों या उनके आश्रितों के एक छोटे से हिस्से ने कौशल विकास प्रशिक्षण का विकल्प चुना है। समिति को लगता है कि भले ही इस योजना के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण स्वैच्छिक है, लेकिन विभाग द्वारा अधिक से अधिक हाथ से मैला ढोने वालों को कौशल प्रशिक्षण का विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित करने के प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि वे बेहतर रोजगार के अवसरों का सृजन/उपयोग कर सकें और गरिमापूर्ण जीवन जी सकें।'

आधिकारिक तौर पर भारत मैला ढोने और सीवर व सेप्टिक टैंक की सफाई के बीच अंतर करता है। लेकिन कठोर वास्तविकता यह है कि मौतें और भेदभाव सीवरों की सफाई का हिस्सा हैं। इसे जारी रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# साइकिल का सामान बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग : तीन की मौत : हड़कंप

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर के थाना फजलगंज में स्थित एस के इण्डस्ट्रीज फैक्ट्री गड़रियनपुरवा चौकी क्षेत्र– मिल एरिया थाना फजलगंज में साइकिल की गद्दी एवं पैडल बनाने का काम होता है। फैक्ट्री (मालिक दीपक कटारिया) हैं। फैक्ट्री में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गयी। सूचना पर पुलिस व फायर ब्रिगेड मौके पर पहुँचे। कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया। घटना में 11 लोगो को रिस्क्यू करके बाहर निकाला गया। अग्नि कांड में फैक्ट्री से 05 लोगो को सकुशल निकाला तथा 06 लोग घायल हुए, जिसमें से 03 लोगो की मृत्यु हो गयी है। 02 लोगो का इलाज और 01 डिस्चार्ज किया गया। अग्निकांड के शिकार मृतको की पहचान –1. जयप्रकाश सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह परिहार नि0 बारा सरवर थाना बारा सरवर जनपद उन्नाव उम्र करीब 50 वर्ष 2.



नारेन्द्र उर्फ दिन्नू सैनी पुत्र स्व0 लश्री महावीर सैनी नि0 ग्राम मांझा थाना सचेण्डी कानपुर नगर उम्र करीब 40 वर्ष 3. प्रदीप उर्फ राजू पुत्र श्री राम कुमार गौतम नि० छतरपुर थाना शिवराजपुर कानपुर नगर उम्र करीब 28 वर्ष अग्नि कांड में घायल– 1. गौरव 2. मनोज।

## पुलिस द्वारा निर्दोष बलबंत सेंगर की निर्मिम हत्या के विरुद्ध क्षत्रिय महासभा एवं एकीकृत बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : कानपुर देहात, शिवली थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर सरैया निवासी बलबंत सेंगर की एसओजी टीम एवं थाना पुलिस द्वारा निर्मिम हत्या कर दी गई है जिसके बाद श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा एकीकृत बार एसोसिएशन ने जिलाधिकारी कानपुर देहात के माध्यम मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन देते हुये कहा कि हत्यारोपी एसओजी टीम एवं थाना शिवली पुलिस कर्मियों पर दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग करते हुये पुलिस अधीक्षक सुनीति जिन्होंने हत्यारोपियों पुलिस कर्मियों को बचाने का प्रयास करने के आरोप में कार्यवाही करने की मांग की है इतना ही नहीं श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों एवं एकीकृत बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन में कहा हैकि बलवंत सिंह की बेवा पत्नी को सरकारी नौकरी एवं उसके दोनों मासूम बच्चों को 5–5 लाख रूपया तथा बृद्ध माता एवं पिता को 7–7 लाख रुपया मुआवजा/आर्थिक अनुदान देने की मांग की है, उक्त कार्यक्रम



के दौरान श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा के कानपुर देहात जिला अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह सेंगर,संजय सिंह सिसोदिया ,आलोक सिंह, संजय सिंह भदौरिया,ज्योति सिंह, इत्यादि मौजूद रहे वहीं एकीकृत बार एसोसिएशन से जिसमें श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री देवेंद्र सिंह राणा, एकीकृत बार एसोसिएशन की मंत्री श्रीमती ज्योति सिंह राणा, जिला अध्यक्ष कानपुर देहात, श्री लोकेंद्र सिंह सेंगर एडवोकेट ,आलोक सिंह एडवोकेट,संजय भदौरिया आदि अधिवक्ता बंधु मौजूद रहे ।

# श्री राणी सती दादी परिवार मंगल समिति द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का किया गया आयोजन

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : श्री राणी सती दादी परिवार मंगल समिति के संयोजक सुनील जालान द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिनांक 16, 17, और 18 दिसंबर 2022 को होने वाले श्री राणी सती दादी परिवार मंगल समिति के 23 वें मंगल महोत्सव के बारे में जानकारी दी कानपुर–अध्यक्ष अखिल खेतान ने बताया कि इस बार विशेष आकर्षण श्री दादी जी का शक्ति स्वरूप होगा जिसे कोलकाता से आए हुए कारीगरों द्वारा 15 दिन पहले से दिन रात मेहनत करके मूर्त रूप दिया जा रहा है। तथा इसका सीधा प्रसारण यूट्यूब चौनल सुमिरो श्याम के द्वारा पूरे भारतवर्ष में लाइव दिखाया जाएगा जिस का प्रसारण विकास सैनी द्वारा किया जा रहा है। उत्सव संयोजक आशीष गोयल ने बताया कि शुभारंभ 16 दिसंबर को 1:00 बजे सिरकी मोहाल में मंदिर में अभिषेक से प्रारंभ होगा उसके उपरांत 271 महिलाओं द्वारा मंगल कलश की शोभायात्रा जनरलगंज, बिरहाना रोड होते हुए वृंदावन लान माल रोड पर पहुंचेगी यात्रा मार्ग में भजनों की गंगा के माध्यम से श्री दादी जी को उत्सव हेतु निमंत्रण दिया जाएगा । महामंत्री श्री नाथ जालान ने बताया कि 17 दिसंबर को उत्सव स्थल पर श्री दादी जी की भव्य अलौकिक झांकी छप्पन भोग अखंड ज्योति के साथ स्वर कोकिला मंजू शर्मा श्री दादी जी का मंगल पाठ प्रारंभ करेंगी। रात्रि में 121 चुनडी उढ़ाने का कार्यक्रम होगा जो




रात्रि 11:00 बजे तक चलेगा। 18 दिसंबर को सुंदरकांड पाठ एवं सायंकाल भजनों का रसास्वादन भक्त कर सकेंगे जिसमें प्रवेश शर्मा बीकानेर, ज्योति खन्ना कोलकाता ,स्वाति अग्रवाल कोलकाता, कृष्ण कुमार तुलस्यान , राम पांडे दादी के भजनों का गायन करेंगे। उसके उपरांत महा आरती मंगल कलश प्रसाद वितरण एवं चुनडी वितरण होगा। श्रीनाथ जालान ने बताया कि संस्था द्वारा एक फिजियोथेरेपी सेंटर का संचालन बिरहाना रोड में किया जा रहा है तथा 17 वर्षों से धर्मार्थ औषधालय का संचालन भी हो रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान अनिल खेतान मनोज कुमार अग्रवाल श्रीनाथ जालान पदम जालान रामअवतार झुरिया , सुनील जालान आशीष गोयल ,राजेश बेरीवाल, साकेत रुंगटा, नवीन अग्रवाल, धर्मेंद्र जालान, अतुल झुनझुनवाला, कमल बुधिया, कमल जालान, सुशील जालान, अरुण लूंडिया आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

## प्रेम प्रसंग में पंचायत सहायक लड़की की गोली मारकर हत्या

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : गांव में पंचायत सहायक के पद पर तैनात एक लड़की की उसके पड़ोसी ने दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सहित तमाम पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। गोली मारने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना बेहटा गोकुल के ग्राम कोडरा सरैया निवासी 20 वर्षीय उमेश कुशवाहा पुत्र रविशंकर ने अपने पड़ोस में रहने वाले जय नारायण कुशवाहा की 19 वर्षीय पुत्री दीपमाला को शुक्रवार की दोपहर गोली मार दी। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी सहित तमाम पुलिस बल मौके




पर पहुंच गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने घटना को प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ बताया। घटना की पड़ताल और गहनता से जांच शुरू कर दी गई है।

## मिनिस्टीरियल एसोसिएशन ऑफ सर्किल ऑफिसेज सिंचाई विभाग उ0 प्र0 की बैठक संपन्न

लखनऊ पत्रकार मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट : मिनिस्टीरियल एसोसिएशन ऑफ सर्किल ऑफिसेज,सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश जनपद शाखा की पूर्व नियोजित बैठक प्रांतीय संघ भवन केंट रोड लखनऊ में आहूत की गई उक्त बैठक में संघ के अति महत्वपूर्ण सूचनाओं से युक्त होने वाले वार्षिक कैलेंडर 2023 ( द्वादशम संस्करण) के विषय वस्तु सहित एंड महत्वपूर्ण प्रकरणों पर विचार–विमर्श कर निर्णय लिए गए। उक्त अवसर पर संघलखनऊ के प्रांतीय अध्यक्ष श्री पवन कुमार गौतम प्रांतीय महामंत्री श्री अमित कुमार सहीद प्रांतीय पदाधिकारियों एवं जनपद पदाधिकारियों की उपस्थिति संकलन उपस्थिति पत्रक के अनुसार रही है बैठक में सर्वसम्मति से मंडलीय सहायकों/ लिपिको के बहुप्रतीक्षित प्रोन्नतियों के क्रम में प्रशासनिक अधिकारियों के चयन वर्ष 2022 2023 तक के पदों के सापेक्ष प्रोन्नतियों के आदेश निर्गत किए जाने पर प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष, सिंचाई एवं जल संसाधन उत्तर प्रदेश एवं इस हेतु सकारात्मक भाव से कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त किया गया संघ के आह्ववान पर काली पट्टी बांधने से लेकर अन्य कार्यक्रमों में पूर्ण सक्रियता हेतु प्रांतीय पदाधिकारियों




क्षेत्रीय संगठन मंत्रियों कार्यकारिणी सदस्यों जनपद अध्यक्ष सचिवों के साथ–साथ समस्त सम्मानित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन किया गया। बैठक में संघ द्वारा शासन की मंशानुरूप एवं प्रमुख अभियंता एवं विभागाअध्यक्ष महोदय द्वारा दिए गए आश्वासनानुसार कनिष्ठ सहायकों एवं वरिष्ठ सहायकों प्रोन्नतियों वर्ष 2019 मैं नियुक्त कनिष्ठ सहायकों का स्थायीकरण (उल्लेखनीय है कि 2018 तक के कनिष्ठ सहायक का स्थायीकरण आदेश अक्टूबर 2022 में निर्गत हो चुके हैं) सहित अन्य महत्वपूर्ण समस्याओं के शीघ्र निस्तारण किए जाने की मांग सर्वसम्मति से की गई।

## सुर ताल संगम ने गायन की विभिन्न विधाओं हेतु अपने शानदार प्रयासों से लखनऊ में सजाई बज़्म ए गजल

लखनऊ पत्रकार मृत्युंजय प्रताप सिंह : सुप्रतिष्ठित सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था सुर ताल संगम के द्वारा संस्कृति निदेशालय के सहयोग से लखनऊ स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान प्रेक्षागृह में एक यादगार संगीतमयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें यश भारती सम्मानित वरिष्ठ संगीतकार केवल कुमार के निर्देशन में नवोदित और प्रतिष्ठित गायक कलाकारों ने गायन की विशेष विधाओं में से प्रमुख रुप से गजल, नज़्म, नगमा, कव्वाली, सूफियाना कलाम आदि का प्रशिक्षण प्राप्त कर शानदार मंच प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की परिकल्पना और संरचना करने में माहिर सुप्रसिद्ध गायिका और संस्था की डायरेक्टर डॉ जया श्रीवास्तव ने बताया कि इन गायन शैलियों को सीखने के लिए असंख्य लोगों ने लम्बे समय तक प्रतीक्षा की, जिनमें से लगभग आधा सैकड़ा से अधिक की संख्या में आनलाइन और आफलाइन विधिवत उपरोक्त विधाओं की गायकी के गुर सीखे और इसके लिए संस्था का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महापौर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा के प्रप्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री राहुल गुप्ता को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की वरिष्ठ संरक्षिका संगीत विदुषी प्रोफेसर कमला श्रीवास्तव और अध्यक्ष श्री अजय श्रीवास्तव ने की। सभी अतिथियों एवं संस्था के प्रमुख पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उर्दू भाषा की विशेषताओं को समाहित करते हुए नगमे, मिर्जा गालिब और मशहूर अभिनेत्री मीना कुमारी की लिखी मनमोहक



गजलें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाली कुसुम वर्मा और लखनऊ के सुप्रसिद्ध अभिनेता देवेंद्र कुमार मोदी की मंच अदायगी से अद्भुत रुप में प्रस्तुत की गयीं। ताजमहल को बखानती हुयी गजल पर दीप्ति सक्सेना और भूषण अग्रवाल ने जीवंत अभिनय करके लोगों की खूब वाहवाही बटोरी। सुप्रसिद्ध नवोदित गायक कलाकारों में सीमा विरमानी, अविजित श्रीवास्तव, ऐमन जावेद फारुकी सहित पैंतीस कलाकारों ने अपनी गायन प्रतिभा का कुशल प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। संस्था द्वारा संस्कृति और संगीत के संवर्धन हेतु किए जा रहे सतत प्रयासों की सभी ने सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करवाने हेतु संस्था को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रमुख पदाधिकारी सहर जावेद फारुकी, रमन, ऐमन, अंकिता, अतुल, सीमा, देवेंद्र कुमार मोदी, नमिता, अविजित श्रीवास्तव आदि ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न करने में योगदान दिया। सदैव की भांति कार्यक्रम के सभी अतिथियों, कलाकारों और विशेष रूप से गजलकारों को माल्यार्पण,अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र आदि देकर सम्मानित किया गया। इस विशिष्ट कार्यक्रम का आकर्षक संचालन सुप्रसिद्ध एंकर राजेन्द्र विश्वकर्मा और डॉ जया श्रीवास्तव ने किया।

## महाकुंभ हेतु ढाई हजार करोड़ की 150 से अधिक परियोजनाएं फाइनल

प्रयागराज ब्यूरो : महाकुंभ–2025 के लिए 150 से अधिक दीर्घकालीन परियोजनाओं के प्रस्तावों को बृहस्पतिवार को फाइनल कर दिया गया। ढाई हजार करोड़ रुपये की लागत वाली इन परियोजनाओं में शहर के विकास के लिए पांच आरओबी भी शामिल हैं। अब इन परियोजनाओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति के समक्ष रखा जाएगा। बजट स्वीकृत होने के साथ ही नए वर्ष में कार्य आरंभ करा दिए जाएंगे। अक्तूबर 2024 तक इन परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। महाकुंभ की अहम परियोजनाओं में शहर के विकास से जुड़े पांच आरओबी शामिल हैं। सेतु निगम की ओर से प्रस्तुत इन सेतु परियोजनाओं के औचित्य को सही पाया गया। इनमें आईईआरटी रेलवे क्रॉसिंग, फाफामऊ में 40 नंबर गुमटी रेलवे क्रॉसिंग, अंदावा चौराहा रेलवे क्रॉसिंग, गारापुर–सिकंदरा के पास, यूनाइटेड इंजीनियरिंग कॉलेज के पास मसिका क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण का प्रस्ताव प्रमुख है। इसके अलावा करेली से न्यू और ओल्ड खुसरोबाग उपकेंद्रों को डबल सर्किट लाइन से जोड़ने के साथ ही 42 सड़कों के चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण के प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। महाकुंभ के विभागीय बजट को दो वर्ष पूर्व स्वीकृत कराने के लिए इन परियोजनाओं को अब सीएम योगी के नेतृत्व वाली कमेटी के समक्ष रखा जाएगा। फिलहाल छह सौ करोड़ रुपये की लागत से पहले चरण में कार्य कराए जाएंगे।



आतिथ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के अलावा पक्के घाटों का निर्माण कराने के भी प्रस्ताव फाइनल किए गए। इसके अलावा रायबरेली से प्रयागराज मार्ग को फोरलेन बनाने, प्रयागराज एयरपोर्ट का विस्तार करने, इनर रिंग रोड को महाकुंभ–2025 से पहले पूरा कराने की तैयारी पर भी चर्चा हुई। पर्यटन की दृष्टि से त्रिवेणी पुष्प और कर्जन ब्रिज के जीर्णोद्धार की योजना पर भी मंथन किया गया। महाकुंभ के लिए प्रस्तावित दो वर्ष से अधिक समय लेने वाली दीर्घकालिक परियोजनाओं पर अगले वर्ष जनवरी से ही काम शुरू कराने के लिए कहा गया। इस मौके पर मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद, एडीएम कुंभ दयानंद प्रसाद, मेलाधिकारी अरविंद चौहान, नगर आयुक्त चंद्रमोहन गर्ग, पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता केके पाहूजा समेत कई विभागों के अफसर मौजूद थे। महाकुंभ के लिए 150 से अधिक परियोजनाओं के प्रस्तावों को अंतिम रूप से तय किया गया है। इस पर करीब ढाई हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। इन परियोजनाओं को उच्चस्तरीय कमेटी के समक्ष रखा जाएगा। अगले वर्ष में काम शुरू करा दिया जाएगा। – विजय किरन आनंद, कुंभ मेलाधिकारी।

# कल्पना को जमीन पर उतारने वाले कर्मयोगी थे लौह पुरुष पटेल–कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर सरस्वती सदन में स्थापित सरदार पटेल की प्रतिमा पर गुरुवार को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कुलसचिव, शिक्षक और कर्मचारियों ने भी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि देश को एकता के सूत्र में बांधने का श्रेय लौह पुरुष को ही जाता है। वह सिर्फ कल्पना करने वाले व्यक्ति नहीं, बल्कि कल्पना को जमीन पर उतारने वाले कर्मयोगी थे। हिमालय जैसी दृढ़ इच्छाशक्ति और नेतृत्व क्षमता के कारण ही देश ने उन्हें सरदार माना। वह हमेशा कहते थे कि आम प्रयास से हम देश को एक नई दिशा दी जा सकती है जबकि एकता की कमी हमें नई आपदाओं में डाल देगी। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को नए भारत का निर्माता भी कहा जाता है और उनके साहसिक कार्यों की वजह से ही



उन्हें 'लौह पुरुष' और 'सरदार' जैसी उपाधियों से नवाजा गया था। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर प्रो. मानस पांडेय, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो. राकेश यादव, डा. मनोज मिश्र, डा. सुनील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह राठौर, डा. मंगला प्रसाद यादव, डा. विनय वर्मा, डा. अमित वत्स, डा. पीके कौशिक, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डा.स्वतंत्र कुमार, सुबोध पांडेय, संतोष मौर्य, रामगोपाल आदि उपस्थित थे।

## अपना दल एस पार्टी जिला कार्यालय वाजिदपुर में मनाई गई भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपना दल एस पार्टी जिला कार्यालय वाजिदपुर में दिनांक 15 दिसंबर गुरुवार को भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 72 वें परिनिर्वाण दिवस पर जिलाध्यक्ष शिव नायक पटेल की अध्यक्षता में एक शांति पाठ पार्टी कार्यालय पर किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने भारत रत्न, संविधान निर्माता, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सरदार पटेल ,भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर तथा पार्टी के संस्थापक यशःकायी डॉ सोनेलाल पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि सरदार पटेल देश के ऐसे जननायक थे जिनका लोहा पूरा भारत ही नहीं बल्कि पूरा विश्व आज मान रहा है। उन्होंने कहा कि यह उन्हीं की देन है कि जब देश छोटे–छोटे खंडों में विभाजित था और एक राष्ट्र के रूप में एक कच्चे धागे में पिरोया हुआ था ।राष्ट्र को सशक्त और समृद्ध साली बनाने और सर्वांगीण विकास के चरमोत्कर्ष पर स्थापित करने में योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रथम पूर्व उप प्रधानमंत्री पूर्व गृह मंत्री, किसानों के मसीहा, सरदार पटेल के नाम से विश्व विख्यात भारतीय गणराज्य के जनक और संस्थापक, महान अधिवक्ता, महान राजनीतिज्ञ, लोकनायक, भारतीय राजनीति के प्रवर्तक, सरदार पटेल ने राष्ट्र निर्माण में सबसे अहम योगदान दिया ।उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाते हुए स्वतंत्र और एकीकृत राष्ट्र बनाने में उनका अद्वितीय योगदान रहा। 1947 के भारत–पाक युद्ध में गृह मंत्री के रूप में कार्य किया। 1918 में खेड़ा संघर्ष उनका पहला और बड़ा योगदान था ।वह ऐसे महान राजनेता थे जिन्होंने गुजरात में किसानों को कर से राहत दिलाने के लिए अंग्रेजी हुकूमत को झुकाया। बारडोली सत्याग्रह में उनके ऐतिहासिक योगदान को भारतीय इतिहास का सबसे अहम हिस्सा बताते हुए कहा कि वह एक अद्वितीय अद्भुत व्यक्तित्व थे जिन्होंने गुजरात में किसानों का नेतृत्व करके ब्रिटिश सरकार को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया और अंततः ब्रिटिश हुकूमत को किसानों की मांग को स्वीकार करना ही




पड़ा ।इसी ऐतिहासिक उपलब्धि ने उन्हें सरदार की उपाधि से विभूषित किया । वह एकमात्र ऐसे महान राष्ट्र निर्माता थे जिन्होंने 562 रियासतों का एकीकरण किया ।उन्हें 1991 में मरणोपरांत भारत रत्न दिया गया। आज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और मोदी की सरकार में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल सरदार बल्लभ भाई पटेल के पद चिन्हों पर चल करके उनके सपनों को साकार करके जमीनी धरातल पर उतारने का काम कर रही हैं जिसे आज पूरा देश समझ रहा है। गरीबों, पिछड़ों और कमेरों के मसीहा सरदार पटेल के संघर्ष की लड़ाई को आगे बढ़ाती हुई और ऐसे महामानव की गरीबों के उत्थान की जो सोच थी आज वास्तव में दबे, कुचले, पिछड़े, वंचित समाज और दलितों के अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लड़ रही हैं। जिला अध्यक्ष शिव नायक पटेल ने कहा कि निकाय चुनाव के लिए हमारे कार्यकर्ता पदाधिकारी पूरी तरह से कमर कस चुके हैं। शीघ्र ही आरक्षण चार्ट आचार संहिता लागू होते ही हमारी पार्टी प्राप्त आवेदन के अनुसार सभी नामों पर विचार विमर्श करेगी। टाउन एरिया, नगर महापालिका एवं सभासद के सभी वार्डों से पार्टी अपना कैंडिडेट 25 दिसंबर तक घोषित कर देगी। जनपद के सभी नगर पालिका, टाउन एरिया की सभी सीटों पर पार्टी अपना उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारेगी। हमारी पार्टी अत्यंत मजबूती के साथ निकाय चुनाव में सभी सीटों पर जीत सुनिश्चित करेगी और अनुप्रिया पटेल के हाथों को मजबूत करने का काम करेगी। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष मान सिंह पटेल ने किया। मौके पर लाल प्रकाश पाल, अनिल जायसवाल, मानसिंह ,सूरज पटेल, डॉ मनीष यादव ,जयप्रकाश पटेल, राम सुंदर पटेल ,दान राज पटेल,राम सुंदर गौड़, अंबिका प्रसाद मौर्य, रामधनी पटेल, जगदीश पटेल, रामपति प्रजापति, राम सामुझ गौतम ,रजनीकांत वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# थाना मड़ियाहूँ पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त नीरज पटेल को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर श्री अजय साहनी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ श्री अशोक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्र.नि. ओम नारायण सिंह के नेतृत्व मे आज दिनांक 16.12.2022 को थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 325/2022 धारा 363,366 भादविव 16/17 पाक्सो एक्ट थाना मड़ियाहूँ जौनपुर में संबंधित वांछित अभियुक्त नीरज पटेल पुत्र फूलचन्द पटेल नि0 सलारपुर किशुनपुर थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर को मुखबिर की सूचना पर बेलवां बाजार चौराहे के पास से गिरफ्तारी कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. नीरज पटेल पुत्र फूलचन्द पटेल नि0 सलारपुर किशुनपुर थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0 325/2022 धारा 363,366 भादविव



16/17 पाक्सो एक्ट थाना मड़ियाहूँ जौनपुर गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः– 1. प्र.नि. ओम नारायण सिंह थाना मडियाहूँ, जौनपुर 2. उ.नि. शिवभंजन प्रसाद थाना मडियाहूँ, जौनपुर 3. का0 अभिनीत द्विवेदी, का0 प्रदीप यादव, का0 भानू प्रताप, का0 गंगेश कुमार थाना मडियाहूँ, जौनपुर

## साहू समाज स्नेह मिलन व सम्मान समारोह जार्ज टाउन प्रयागराज उ0प्र0 में सम्पन्न

(मुम्बई डीकेयू ब्यूरो विपिन गुप्ता ) : राष्ट्रीय अध्यक्ष साहब शरण साहू के आदेश पर अनिल कुमार साहू ( अध्यक्ष साहू चौपाल पूर्वांचल ) एवं समारोह की अध्यक्षता कर रही ज्ञानवापी मंदिर काशी की याचिकाकर्ती सीता साहू द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें महिला पदाधिकारियों का मनोनयन पत्र वितरित



किया गया। प्रमुख रुप से रश्मि साहू, सूलेखा साहू, ज्योति साहू, दीपिका साहू, दीप्ति साहू, बबीता साहू, दीपिका साहू, सरिता साहू, स्वरुपा साहू, स्नेहा साहू, निर्मल गुप्ता, नन्दलाल साहू आदि प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। अनिल कुमार नें साहू नें समाज को शिक्षित एवं संगठित होना अति आवश्यक बताया। सीता साहू नें महिलाओं को खुद आत्मनिर्भर बन कर समाज को आगे बढ़ानें पर बल दिया। सुलेखा साहू नें गजवा हिन्द एक समुदाय द्वारा चलाया जा रहा एक लवजिहाद की शिकार हुई श्रद्धा के परिवार को न्याय मिले तथा समाज को इससे प्रेरणा लेनी चाहिये । समाज की निशा गुप्ता नें कहा अपनें बच्चों पर नजर रखें और सजग रहें। ज्योति साहू नें कहा साहू समाज की महिलाओं को समाज के कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। दीपिका साहू नें कहा कि महिलाओं को रानी लक्ष्मींबाई बन कर खुद आत्मनिर्भर बनना चाहिये।

# पूरे देश में पुरानी पेंशन बहाल हो –इंदु प्रकाश यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अटेवा की आज पेंशन जागरूकता सहयोग सदस्यता अभियान की बैठक लोहिया पार्क में की गयी ।इस अवसर पर अटेवा के जिला संयोजक चंदन सिंह ने बताया कि



अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधुजी वाराणसी के DLW मे रविवार को रेल कर्मचारियों के साथ बैठक कर पुरानी पेंशन बहाली की माँग करेंगे । सुभाष सरोज ने आभार जताते हुए पेंशन जागरूकता अभियान मे समस्त पदाधिकारियों द्वारा उत्साह पूर्वक सहयोग की सराहना की। जिला उपाध्यक्ष डॉ राजेश उपाध्याय ने जनपद के सभी शिक्षक ,कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या मे वाराणसी डी एल डब्लू में रविवार को पहुँचने की अपील की । अटेवा के जिला महामन्त्री संदीप कुमार चौधरी व जिला कोषाध्यक्ष टी एन यादव ने बताया कि शिक्षक कर्मचारियों मे गजब का उत्साह दिख रहा है उन सब को लग रहा है कि पेंशन का संघर्ष केवल अटेवा ही कर रहा है। निजीकरण की खामियों लोगो को आगाह किया और पुरानी पेंशन बहाली की माँग को दुहराया ! बैठक मे जिला मीडिया प्रभारी इंदु प्रकाश यादव ने सभी लोगो से अटेवा से जुड़ कर पेंशन की लड़ाई को मजबूती देने की अपील की! बैठक में डा कृपा निधि यादव, डा हरे कृष्ण सिंह, रत्ती लाल निषाद, प्रेम चंद यादव, मनीष यादव, अरविंद यादव लाल रतनाकर उपाध्याय कृष्ण कुमार मौर्य , संदीप यादव, विनोद प्रजापति नंदलाल पुष्पक आदि पेंशन विहीन साथी उपस्थित रहे ।

# जीवन में सफल होने के लिए पॉजिटिविटी बहुत जरूरी


हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के प्रांगण में आज का दिन ईश्वर ,विश्वास , संशय, हौसला, अंधविश्वास की चर्चा के बीच गुजरा। ब्रह्मकुमारी संस्था की टोली ने विद्यालय के बच्चों के साथ समय व्यतीत किया व उन्हें जीवन के कई पहलुओं पर चर्चा की। बीके




ओंकार ने कहा कि हमारे जीवन में परेशानियां में शक्तिशाली बनाने के लिए आती हैं इसलिए हमें हर परेशानी का सामना करने के लिए तत्पर रहना चाहिए अपने जीवन में पॉजिटिविटी को उतारने अपने हौसले व विश्वास को बढ़ाने व स्थान से शराब बंद विश्वासी ऐसी बुराइयों की नो एंट्री कहने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि सभी को प्रतिदिन अपने जीवन में मेडिटेशन को स्थान अवश्य देना चाहिए जिससे हमारे लक्ष्य पर हमारा ध्यान केंद्रित हो तथा हम जीवन पथ पर बिना रुकावट अग्रसर हो सकें । एक भरे तथा खाली गिलास का उदाहरण देकर उन्होंने कहा कि हर किसी को अपनी कल्पना सोच को सकारात्मक रखना चाहिए। बीके कल्पना ने कहा कि हम सभी को अपने आप को एक पुष्प पवित्र व कोमल आत्मा मानकर ईश्वर से साक्षात्कार करना चाहिए। वह अपने जीवन को सफल बनाने का प्रयास करते रहना चाहिए। विद्यालय प्रबंधक अखिलेश सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बीके.मालती , बीके.राजन भाई ,बीके.,मिथिलेश द्विवेदी, रीता बहन, बबली बहन व प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी, शिक्षिका कविता गुप्ता, विनीता शुक्ला ,दिव्या सिंह, अर्पिता सिंह, रोली, रुपाली ,सोनी ,रेखारानी व शिक्षक राम प्रकाश पांडे ,संजय गुप्ता ,अशोक कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे ।

# वातानुकूलित जनरथ बस चलने से कई जिलो का सफर हुआ आनन्दायक

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने एक वातानुकूलित ''जनरथ ''बस का संचालन लखनऊ से सहारनपुर तथा सहारनपुर से लखनऊ के लिए शुरू किया है। हरदोई जिला मुख्यालय से गुजरने बाली यह बस लखनऊ, हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, मेरठ,मुजफ्फरनगर, तथा सहारनपुर के यात्रियो के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। वातानुकूलित होने के चलते हर मौसम मे इस बस से यात्रा करना काफी सुगम होगा। ए आर एम राकेश कुमार वर्मा के अनुसार उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम की समय सारणी में यह बस लखनऊ के कैसरबाग बस स्टैंड से सायं सात बजे से प्रस्थान होकर 9 बजकर 03 मिनट पर हरदोई, रात 10 बजकर 06 मिनट पर शाहाबाद, रात 12 बजकर 24 मिनट पर बरेली सैटेलाइट बस स्टैंड, रात 1 बजकर 51 मिनट पर रामपुर, रात 2 बजकर 23 मिनट पर मुरादाबाद, प्रातः काल 4 बजकर 59 मिनट पर मेरठ, प्रातः 6 बजकर 11 मिनट पर मुजफ्फरनगर तथा प्रातः 7 बजकर 38 मिनट पर सहारनपुर पहुंचेगी। इसी तरह 7 बजे सायं सहारनपुर से प्रस्थान होकर यह बस रात 8 बजकर 25 मिनट पर मुजफ्फरनगर, रात 9 बजकर 37 मिनट पर मेरठ, रात 12 बजकर 13 मिनट पर मुरादाबाद, रात 12 बजकर 56 मिनट पर रामपुर, रात 2 बजकर 09 मिनट पर बरेली




सैटलाइट, प्रातः 4 बजकर 41 मिनट पर शाहाबाद, प्रातः 5 बजकर 19 मिनट पर हरदोई, तथा प्रातः 7 बजकर 44 मिनट पर लखनऊ कैसरबाग बस स्टैंड पर पहुंचेगी। इस बस के संचालन पर प्रसिद्ध चिकित्सक मुरारी लाल गुप्त, शिवेन्द्र प्रताप सक्सेना,श्याम जी गुप्ता,भाजपा जिला व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नवनीत गुप्ता,अरविंद तिवारी,अनुराग श्रीवास्तव, भाजपा नेता गोपाल त्रिपाठी , संदीप शुक्ला, संजय कुमार सोनू,, डॉक्टर आशीष अवस्थी, मोहम्मद आतिश, नवी अहमद, अंसार हुसैन सहित अनेक प्रमुख लोगो ने हर्ष व्यक्त करते हुये इस बस सेवा का लाभ उठाने की अपील की है।

## थाना बदलापुर पुलिस ने हत्या के वांछित दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार : कब्जे से हत्या मे प्रयोग की गयी मोटरसाइकिल बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, श्री शैलेन्द्र सिंह के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी बदलापुर, श्री शुभम तोदी के कुशल पर्यवेक्षण में एच.एस. योगेश यादव को दिनांक 12.12.22 को गोली मारकर हत्या करने वाले वांछित अभियुक्तों 1. विकास शर्मा पुत्र दिनेशचन्द्र शर्मा नि0 ग्राम पट्टीदयाल थाना बदलापुर जनपद जौनपुर 2. शशिकेश शुक्ला उर्फ गोलू शुक्ला पुत्र नन्हे शुक्ला उर्फ अजय प्रकाश शुक्ला नि0 ग्राम मछलीगाँव थाना बदलापुर जनपद जौनपुर को मुखबीर की सूचना परसरोखनपुर हाईवे पुलिया के नीचे से दिनांक 15.12.22 को मुझ प्र0नि0 मय हमराही कर्मचारीगणों के गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। हत्या मे शामिल अन्य दो अभियुक्तों 1. पुष्पेन्द्र दुबे उर्फ बन्टी (ग्राम प्रधान पट्टी दयाल थाना बदलापुर जौनपुर 2. काजू दूबे पुत्र सुनील दूबे पुत्रगण सुनील दुबे नि0गण पट्टी दयाल थाना बदलापुर की तलाश जारी है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1– विकास शर्मा पुत्र दिनेशचन्द्र शर्मा नि0 ग्राम पट्टीदयाल थाना बदलापुर जनपद जौनपुर 2– शशिकेश शुक्ला उर्फ गोलू शुक्ला पुत्र नन्हे शुक्ला उर्फ अजय प्रकाश शुक्ला नि0 ग्राम मछलीगाँव थाना बदलापुर जनपद जौनपुर बरामदगी– 1–नगद 700/– रूपये ।2–एक अदद मोटरसाइकिलहीरो सीडी डीलक्स। आपराधिक इतिहास– ।–विकास शर्मा पुत्र दिनेशचन्द्र शर्मा नि0 ग्राम पट्टीदयाल थाना बदलापुर जनपद जौनपुर 1–मु0अ0सं0–0087/19 धारा 307 भादविथानाबदलापुर,जौनपुर। 2–मु0अ0सं0–0088/19धारा25आर्म्स एक्टथानाबदलापुर, जौनपुर। 3–मु0अ0सं0–0334/22 धारा 302/120बी/34/420/467/468/ 471थाना बदलापुर जौनपुर, जौनपुर। ठ–शशिकेश शुक्ला उर्फ गोलू शुक्ला पुत्र नन्हे शुक्ला उर्फ



अजय प्रकाश शुक्ला नि0 ग्राम मछलीगाँव थाना बदलापुर जनपद जौनपुर 1–मु0अ0सं0 182/19 धारा 147, 323, 325, 504, 506 भादवि थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 2–मु0अ0सं0 375/21 धारा 323,504,506 भादवि थाना बदलापुर, जनपद जौनपुर । 3–मु0अ0सं0–0334/22 धारा 302/120बी/34/420/467/468/ 471थाना बदलापुर जौनपुर, जौनपुर। 4–एनसीआर 198/19 धारा 323,504 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम – 1–प्रभारी निरीक्षक बदलापुर श्री संतोष कुमार पाण्डेय। 2–हे0का0 अमित सिंहथाना बदलापुर जौनपुर। 3–का0 आशुतोष तिवारी थाना बदलापुर जौनपुर।

## जिलाधिकारी द्वारा कृषि उद्यान पशु पालन सिंचाई नलकूप सहित अन्य विभागों द्वारा चलाई जा रही प्रमुख योजना का किया गया विस्तृत समीक्षा

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशु पालन, सिंचाई, नलकूप सहित अन्य विभागों द्वारा चलाई जा रही प्रमुख योजना की विस्तृत समीक्षा की गई। जनपद में इस वर्ष सोलर पम्प न लगाएं जाने पर सम्बंधित फर्म को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि 01 सप्ताह के भीतर कार्य शुरु नही किया तो एफआईआर दर्ज कराते हुए फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि लोगों को अधिक अधिक जागरूक करते हुए फसलों का बीमा कराया जाए। जिला कृषि अधिकारी के. के सिंह ने अवगत कराया कि जनपद में यूरिया और डीएपी की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है। उन्होंने केसीसी की संख्या बढ़ाये जाने के सख्त निर्देश दिये। जनपद में 21 नलकूप बंद है जिन्हें 01 सप्ताह में ठीक कराने के निर्देश दिए। नेवढ़िया में बंद नलकूप को ठीक कराने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। बीज वितरण गोदाम के निर्माण की समीक्षा की। उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान डीएचओ ममता यादव को निर्देश दिए कि पीएमएफएमई कार्यक्रम के तहत बैंक वालो से समन्वयकर अधिक से अधिक लोगों को लोन दिलाये। एनआरएलएम और कृषि विभाग को भी जोड़ें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन गो–आश्रय स्थलों को जल्द से जल्द पूर्ण कराये और गो–सरंक्षण को बढ़ाने के लिए प्रयास करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, अपर कृषि अधिकारी



रमेश चन्द्र यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जनपद स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा आकस्मिक निरीक्षण में 17 शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक रहे अनुपस्थित

जौनपुर सू.वि. : आज 16 दिसंबर 2022 को जनपद के विकास खंड सुजानगंज के 115 परिषदीय विद्यालयों का सभी खण्ड



शिक्षाधिकारी की टीम बनाकर जनपद स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा आकस्मिक निरीक्षण कराया गया जिसमें सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को लगाया गया था निरीक्षण के दौरान कुल 17 शिक्षक ,शिक्षामित्र, अनुदेशक, अनुपस्थित पाए गए अनुपस्थित पाए गए सभी 17 कार्मिक का निरीक्षण तिथि का वेतन अग्रिम आदेश तक अवरुद्ध करने की कार्यवाही की गई है।

# एनएचएम एंबुलेंस खरीद में करोड़ों का खेल : कोविड की आड़ में किया था घपला : जांच शुरू

लखनऊ ब्यूरो : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में अब एंबुलेंस खरीद में करोड़ों के खेल का मामला सामने आया है। यह खेल 3018 एंबुलेंस की महत्वपूर्ण विशिष्टताओं (स्पेसिफिकेशंस) में बदलाव करके किया गया है। मामले की जांच शुरू हो गई है। प्रथम दृष्टया करीब 15 करोड़ का खेल पकड़ में आया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में वर्ष 2018 में पहले चरण में 662, दूसरे चरण में 812 और तीसरे चरण में 1544 एंबुलेंस खरीदी गईं। जेम पोर्टल के जरिए तीन चरण में कुल 3018 एंबुलेंस खरीदी गईं। हर एंबुलेंस की कीमत करीब 15 लाख रुपये थी। आपूर्तिकर्ता कंपनी ने एनएचएम को एंबुलेंस की आपूर्ति भी कर दी। लेकिन ब्लोअर सहित कई तकनीकी फीचर एंबुलेंस से हटा दिए गए। इस बीच कोविड आ गया और एंबुलेंस मरीजों को अस्पताल ले जाने में लग गईं। कोविड खत्म होने के बाद इस खेल का खुलासा हुआ। इसी बीच उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कॉरपोरेशन लिमिटेड केजरिए नई एंबुलेंस खरीदी गईं। नई एंबुलेंस में ब्लोअर सहित अन्य हीटिंग उपकरण मौजूद पाए गए। इससे शक यकीन में बदल गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक ने महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को पत्र लिखकर पूरे मामले की जांच कराने के लिए कहा। यह भी स्पष्ट किया है कि आपूर्तिकर्ता कंपनी ने विभाग को दिए गए शपथ पत्र में जिस स्पेसीफिकेशन्स का जिक्र किया था। वह आपूर्ति केसमय एंबुलेंस से हटा दिए गए हैं। ऐसे में महानिदेशालय ने मामले की जांच शुरू कर दी है। करीब 15 करोड़ का खेल सूत्रों का कहना है कि एंबुलेंस से ब्लोअर, हीटिंग




सहित अन्य उपकरण हटाने की कीमतों का अभी आकलन किया जा रहा है। प्रथमदृष्टया हर एंबुलेंस से करीब 50 हजार रुपये के फीचर हटाए गए हैं। इस तरह 3018 एंबुलेंस से करीब 15 करोड़ नौ लाख रुपये का खेल किया गया है। क्या कहते हैं जांच अधिकारी मामले की जांच की जा रही है। कंपनी द्वारा कई फीचर हटाने का मामला सामने आया है। एंबुलेंस बनाने पर संबंधित कंपनियों को वाहन की टेस्टिंग एवं सर्टिफाइड करने की जिम्मेदारी आटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) की है। यह केंद्रीय एजेंसी है। संबंधित एंबुलेंस के मॉडल नंबर को एआरएआई को भेजा गया है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वह सर्टिफाइड थी या नहीं। उसमें कौन–कौन से फीचर उस वक्त मौजूद थे। फिर उसी आधार पर आगे की रिपोर्ट तैयार की जाएगी। –इंजीनियर रवि कुमार, अपर निदेशक (विद्युत) स्वास्थ्य महानिदेशालय क्या कहती हैं जिम्मेदार मामले की जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट मिलने के बाद एनएचएम एवं विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। फिर उसी हिसाब से आगे की कार्रवाई होगी। –डॉ. लिली सिंह, महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

# आरक्षण के खिलाफ चार दर्जन याचिका दायर : टल सकती है निकाय चुनाव की अधिसूचना

लखनऊ ब्यूरो : नगरीय निकाय चुनाव के लिए नगर विकास विभाग की ओर से जारी अनंतिम आरक्षण के खिलाफ अब तक चार दर्जन (48) याचिकाएं इलाहाबाद उच्च न्यायालय और लखनऊ खंडपीठ में दायर हुई है। ऐसे में एक ओर जहां नगर विकास विभाग की मुश्किल बढ़ सकती है वहीं निकाय चुनाव की अधिसूचना आगे टलने के आसार है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में बिजनौर, हाथरस, हापुड़, इलाहाबाद, एटा, मेरठ, आगरा, फिरोजाबाद, फर्रुखाबाद, गाजियाबाद, अलीगढ़ जिलों से कुल 12 याचिका दायर हुई है। जबकि लखनऊ खंडपीठ में विभिन्न जिलों से तीन दर्जन से अधिक याचिकाएं दायर हुई है। लखनऊ खंडपीठ में दायर याचिकाओं पर न्यायालय ने सरकार को तीन दिन में जवाब दाखिल करने का समय दिया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भी कुछ मामलों में रोक के आदेश दिए है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि जब नगर पालिका अधिनियम में अध्यक्षों के आरक्षण को संशोधित कर 2012 एक्ट में प्रावधान दिया गया है तो 2017 के निकाय चुनाव में उसका पालन क्यों नहीं किया गया। उनका कहना है कि इससे आरक्षण चक्रानुक्रम के अनुसार निर्धारित नहीं हो रहा है। याचिका में महिलाओं के लिए निर्धारित आरक्षण पर भी आपत्ति जताई गई है। फिलहाल राजनीतिक दलों,



नगर विकास के अधिकारियों और निकाय चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों की निगाहें उच्च न्यायालय में 20 दिसंबर को होने वाली सुनवाई पर टिकी है। 20 दिसंबर को उच्च न्यायालय में यदि सरकार के पक्ष में फैसला होता है तो निकाय चुनाव की अधिसूचना 22 से 24 दिसंबर के बीच जारी हो सकती है। यदि फैसला याचिकाकर्ताओं के पक्ष में होता है तो चुनाव की अधिसूचना करीब 15 से 20 दिन के लिए टल सकती है। तृतीय लिंग को नहीं मिला आरक्षण निकाय चुनाव में तृतीय लिंग (किन्नर) के लिए पद आरक्षित नहीं करने को लेकर भी उच्च न्यायालय की लखनऊ खंड पीठ में याचिका दायर की है।

# मासूम छात्र को कमरे में बन्द कर चले गए शिक्षक

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सरकारी स्कूलों में कैसी लापरवाही बरती जाती हैं,इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्कूल के जिम्मेदार छुट्टी होने के बाद एक छात्र को वहीं कमरें में बंद कर चले गए। मासूम छात्र जब घर नहीं पहुंचा तो उसे ढूंढा जाने लगा। स्कूल के अंदर से उसके रोने की आवाज सुन गई,तब कहीं उसे वहां से बाहर निकाला गया। बताया गया है कि बेंहदर ब्लाक के प्राइमरी स्कूल (इंग्लिश मीडियम) ब्रम्हनान में पड़ोस के रसूलापुर का 6 वर्षीय विनय वहां का छात्र है। गुरुवार को वहां के जिम्मेदार छुट्टी होने पर स्कूल में ताला लगा कर अपने–अपने घरों को चले गए।इधर विनय घर नहीं पहुंचा,तो उसे ढूंढा जाने लगा। करीब दो घंटे तक उसकी तलाश होती रही।इसी बीच उसका चाचा योगेश स्कूल के आसपास पहुंचा, वहां उसे कमरें के अंदर से किसी के रोने की आवाज सुनाई दी। इस पर योगेश अंदर फांद कर गया और कमरें में झांका, जहां विनय जोर–जोर से रो रहा था। इस पर तुरंत स्कूल के शिक्षामित्र को बुलाया गया। शिक्षामित्र ने ताला खोला, दहशतजदा विनय अपने घर वालों के लिपट कर रोने लगा। क्या बोले जिम्मेदार स्कूल के हेडमास्टर सुरेश चंद्र ने बताया है कि उनके बेटे का एक्सीडेंट हो गया था, एक्सीडेंट की खबर सुनते ही वे बदहवासी की हालत में चले गए थे। स्कूल शिक्षामित्र ने बंद किया था। उनका कहना है कि विनय आंगनबाड़ी का छात्र है। वह अंदर कमरें में सो गया था,कमरा बंद करने वाली रसोइयों की उस पर नजर नहीं पड़ी। उनकी थोड़ी सी चूक से इतना बड़ा बखेड़ा खड़ा हो गया।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा मछलीशहर रजवाहा के सफाई कार्य का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा मछलीशहर रजवाहा के सफाई कार्य का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एक्सईएन सिंचाई विपिन कुमार द्वारा बताया गया 25.2 किलोमीटर की सफाई कराई गई। कल से पानी उपलब्ध हो जाएगा, इससे किसान अपनी फसलों की सिंचाई कर सकेंगे। इस अवसर पर अभिषेक श्रीवास्तव एवं रामबचन राम उपस्थित रहे।

# जनपद की समस्त ग्राम पंचायतो में अभियान चलाकर करायी जाये वृहद साफ–सफाई –जिला पंचायत राज अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : जिला पंचायत राज अधिकारी ने अवगत कराया है कि मा0 मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन द्वारा गत सप्ताह समस्त जिलाधिकारियों के साथ की गयी साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सम्बन्धित जनपद की समस्त ग्राम पंचायतो में अभियान चलाकर मुख्य मार्गो, गलियों, सार्वजनिक स्थलो, शासकीय भवनो, संस्थाओ, नाली एवं नाले की वृहद साफ–सफाई कराये जाने के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जनपद जौनपुर के समस्त विकास खण्डो के समस्त ग्राम पंचायतो में लगातार एक सप्ताह तक वृहद रूप में प्रत्येक ग्राम पंचायत में सफाईकर्मियो की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए सम्बन्धित ग्राम पंचायत सचिव को रोस्टर के अनुसार उपस्थित होकर उपरोक्त कार्य का पर्यवेक्षण करने के साथ–साथ सम्बन्धित सहायक विकास अधिकारी (पं0) को प्रतिदिन न्यूनतम 10 ग्राम पंचायतो में निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये है जिसके क्रम में सहायक विकास अधिकारी (पं0) द्वारा प्रेषित निरीक्षण आख्या के आधार पर समस्त सफाईकर्मियो द्वारा रोस्टर के अनुसार उपरोक्त दिये गये निर्देशो के अनुपालन के क्रम में साफ–सफाई का कार्य कराया जा रहा है एवं अनुपस्थित पाये जाने वाले सफाईकर्मियो के विरूद्व अनुशासनिक कार्यवाही करने के साथ–साथ माह दिसम्बर, 2022 का वेतन अवरूद्व करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# एसपी सुरक्षा की जांच रिपोर्ट के मिलते ही एसएसपी ने चारों महिला आरक्षियों को किया निलंबित : वीडियो वायरल मामले में किया कार्यवाही

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आखिरकार एसएसपी मुनिराज के कोपभाजन का शिकार वीडियो वायरल मामले में शामिल चारो महिला आरक्षियों को होना ही पड़ा।गुरुवार की देर शाम एसएसपी मुनिराज ने एसपी सुरक्षा पंकज पांडे की जांच रिपोर्ट मिलते ही जिले के विभिन्न थानों से भेजी गई राम जन्मभूमि परिसर में ड्यूटी के दौरान चार महिला आरक्षियों की वीडियो वायरल होने पर निलंबित कर दिया।मालूम हो कि इससे पहले गुरुवार की सुबह एसएसपी मुनिराज ने वायरल हुये वीडियो पर डांस करती हुई दिखाई दे रही चारों महिला आरक्षियों को लाइन हाजिर करते हुये इस मामले की जांच एसपी सुरक्षा पंकज पांडे को सौंपा था।मामले की जांच रिपोर्ट को एसपी सुरक्षा ने गुरुवार की देर शाम एसएसपी को सौंपा।जिस पर जांच में दोषी पाये जाने पर एसएसपी ने चारो महिला आरक्षियों को लाइन हाजिर करने के बाद गुरुवार की शाम को निलंबित भी कर दिया।इस संबंध में सुबह एसएसपी मुनिराज ने बताया था कि ड्यूटी पर तैनात अगर कोई भी पुलिस कर्मी ऐसा कार्य करता है तो पुलिस मैनुअल के विरुद्ध है।वायरल वीडियो में महिला आरक्षियों ने सादे वर्दी में एक गाने पर डांस करती हुई दिखाई दे रही है।मालूम हो कि थाना तारुन में तैनात कशिश साहनी ,थाना कुमारगंज में तैनात कामिनी कुशवाहा थाना कोतवाली अयोध्या में तैनात कविता पटेल व थाना गोशाईगंज में तैनात संध्या सिंह जो वर्तमान समय में राम जन्म भूमि की सुरक्षा में तैनात थी जिन्हें सुबह एसएसपी ने लाइन हाजिर कर जांच एसएसपी ने एसपी सुरक्षा को सौंपी थी। जहां जांच रिपोर्ट मिलने पर एसएसपी ने लाइन हाजिर हुई चारों महिला आरक्षियों को दोषी मानते हुये निलंबित कर दिया।

# जिला ब्लडबैंक में ए निगेटिव ब्लड व प्लेटलेट्स के अभाव में मरीज परेशान : संबंधित कर्मी मौन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस समय जहां एक ओर योगी सरकार अयोध्या जिले के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।वही जिला चिकित्सालय की लापरवाही के चलते वहां पर आने वाले मरीजों व तीमारदारों को काफी मुसीबत का सामना उठाना पड़ रहा है।जिसके चलते मजबूरी में वे दूसरे निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर हो रहे है। कुछ दिन पहले मंडलायुक्त गौरव दयाल के निरीक्षण के दौरान वहां पर बहुत कमियां मिली थी।जिसको लेकर उन्होंने वहां पर मौजूद चिकित्सक व अन्य कर्मियो को जमकर खरी खोटी सुनाई थी।इसके बावजूद भी जिला व महिला चिकित्सालय में कोई सुधार नहीं हुआ है।जिला चिकित्सालय में न तो उचित मात्रा में अलग अलग ग्रुप के रक्त व और ना ही प्लेटलेट्स व प्लाज्मा।जब कभी भी दूर दराज से गैर जनपदों से डेंगू, गर्भवती महिला या फिर अन्य दुर्घटना में घायल व्यक्ति इस अस्पताल में आते हैं तो पहले चिकित्सक व विभिन्न विभागों में तैनात प्रभारी यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि हमारे विभाग में रक्त, प्लाज्मा व प्लेटलेट्स का अभाव है जिसके चलते इस चिकित्सालय में भर्ती होना असम्भव है।जिसके चलते आधे से अधिक मरीज बाहर से ही पीजीआई व ट्रामा सेंटर व लखनऊ के अन्य चिकित्सालयो में जाने को मजबूर रहते है।मालूम हो कि जब कभी भी इस जिले के अलावा आसपास के जनपदों से दुर्घटना में घायल मरीजो व अन्य रोगो से पीड़ित रोगी इस चिकित्सालय में आते हैं तो वे भर्ती तो हो जाते है परंतु वहां पर सुविधा कुछ भी नहीं है।जिसके चलते वहां पर भर्ती मरीज खुद ही अपने आप खुद ही थोड़ी देर बाद वहां से दूसरे चिकित्सालय या फिर लखनऊ की ओर जाना उचित समझते हैं।यहां से जाने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों का कहना है कि इस चिकित्सालय में सुविधा के नाम पर महज खानापूर्ति ही हो रही है। यहां पर भर्ती होने वाले मरीजों व तीमारदारों का या कहना है कि हम मजबूरी में यहां से दूसरी चिकित्सालय लखनऊ की ओर जा रहे हैं क्योंकि यहां पर ना दो हमारी ग्रुप की ब्लड मिल रहे हैं और ना ही प्लेटलेट्स। जबकि प्रदेश सरकार ने चिकित्सा व्यवस्था मे सुधार लाने के लिये सख्त निर्देश दिया है।परंतु जिला चिकित्सालय इस पर खरा नहीं उतर रहा है।

# असफलताओं से कभी निराश ना हों –प्रो. निर्मला एस.मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राजकीय बालिका हाई स्कूल, बसिया जलालपुर अंबेडकर नगर के विद्यार्थी और शिक्षक शासन के दिशा निर्देश पर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक भ्रमण के लिए शुक्रवार को आये। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कुलपति सभागार में विद्यार्थियों से बातचीत कर उनके सपनों को उड़ान दी। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हौसलों को ऊंचा रखें। जीवन में असफलताओं से कभी निराश ना हो, यह आपके सपनों को साकार करने का रास्ता बनाती है। उन्होंने कहा कि स्कूल पढ़ने के साथ–साथ सीखने की भी जगह है। यही सीख हमें रोजगार के साथ–साथ व्यवहारिक और सामाजिक जीवन में काम आती है। उन्होंने कहा कि बच्चों अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करना। बीता हुआ समय कभी लौटकर नहीं आता। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि हमेशा बड़े सपने देखने की आदत डालो तभी सफलता हाथ आएगी। उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी की इसी सोच के साथ शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रखा गया है। ताकि बच्चे अपनी सोच को आगे बढ़ा सके। कुलपति सभागार में भ्रमण के लिए आये विद्यार्थियों और शिक्षकों को कुलपति ने सम्मानित कर उपहार दिया। जनसंचार विभाग में भ्रमण के लिए आए विद्यार्थियों को वीडियो और डिजिटल कैमरे के बारे में जानकारी दी गई और उन्होंने खुद भी इन कैमरों से फोटो खींचा। डॉ दिग्विजय सिंह राठौर ने



उन्हें साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान, रज्जू भैया संस्थान, पुस्तकालय, मशरूम उत्पादन केंद्र, स्टेडियम, मुक्तांगन आदि स्थानों का भ्रमण किया। बच्चों के साथ प्रधानाचार्य श्रीमती तकदीश फातमा, जितेंद्र पांडेय, श्रीमती कविता प्रताप, श्रीमती निर्मला चौरसिया, सुश्री निधि मिश्रा, श्रीमती प्रतिभा वर्मा शामिल थीं। संचालन प्रोफेसर मानस पांडे और धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती बबीता सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो.अविनाश पाथर्डीकर, प्रो.देवराज सिंह, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ सुनील कुमार, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ.विनय वर्मा, डॉ श्याम कन्हैया सिंह, डॉ वनीता सिंह डॉक्टर लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, विनीत सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, अजय यादव आदि उपस्थित थे।

# बाहुबली अतीक अहमद का करीबी फैसल गिरफ्तार

प्रयागराज ब्यूरो : पुरामुफ्ती में प्रॉपर्टी डीलर जीशान अहमद उर्फ जानू पर फायरिंग के मामले में वांछित चल रहा अतीक अहमद का करीबी फैसल बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। वह अतीक व उसके बेटे अली के साथ नामजद था। चार महीने से वह पुलिस को छका रहा था। फैसल पिपरी के लौकी गांव के प्रधान का बेटा है। जिस मामले में उसकी गिरफ्तारी हुई, उसमें उसका भाई मैसर भी वांछित है। दो अगस्त को पुरामुफ्ती थाने में जीशान ने फैसल उसके भाई मैसर और अतीक अहमद समेत कुल 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि वह अपने प्लॉट पर गया था तभी उस पर फायरिंग की गई। इस मामले में अतीक अहमद, उसके बेटे अली और गुर्गे अमन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। जबकि मैसर समेत अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। एक आरोपी गोलू को हाईकोर्ट से राहत मिली हुई है। साल बीतने को, हाथ नहीं आया माफिया का गुर्गा असाद पुलिस अन्य आरोपियों पर तो कार्रवाई कर रही है लेकिन माफिया अतीक अहमद का सबसे खास गुर्गा असाद हाथ नहीं आ रहा है। वह पिछले एक साल से फरार चल रहा है। करेली थाने में 31 दिसंबर को पांच करोड़ की रंगदारी मांगने के मामले में



अतीक अहमद, उसके बेटे अली व अन्य आरोपियों समेत असाद पर भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बाद पूरामुफ्ती थाने में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में भी असाद को नामजद हुआ। करेली थाने में ही दर्ज रंगदारी मांगने के एक अन्य मामले में भी वह अतीक अहमद के साथ आरोपी बनाया गया। इसके बावजूद अब तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। सूत्रों का कहना है कि उसे राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है और यही वजह है कि तमाम चर्चाओं के बाद भी असाद पकड़ा नहीं जा सका। असाद माफिया अतीक अहमद का बेहद करीबी है और उसके प्रॉपर्टी डीलिंग समेत तमाम काम वही देखता है। माफिया के खिलाफ चले अभियान के दौरान उसका घर भी बुलडोजर से ढहाया गया था।

# जनवादी नौजवान सभा की बैठक सम्पन्न


अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारत की जनवादी नौजवान सभा की बैठक जिला कार्यालय पर शिबानी सिंह की अध्यक्षता में बालकिशन यादव के संचालन में हुई।इस मौके पर संगठन के पूर्व महासचिव सत्यभान सिंह जनवादी मौजूद रहे।बैठक में काकोरी कांड के




अमर शहीदों की शहादत दिवस 19 दिसम्बर को मनाने पर मुख्यरूप से चर्चा हुई।बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व महासचिव सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि आगामी 19 दिसम्बर को काकोरी कांड के अमर शहीदों अशफाक उल्लाह खां,पंडित रामप्रसाद विस्मिल,ठाकुर रोशन उर राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी का शहादत दिवस है।इसी कड़ी में 19 दिसम्बर को अमर शहीद अशफाक उल्लाह खां को मंडल कारागार में फांसी हुई थी।शहादत दिवस समारोह हरसाल बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता रहा है उसी कड़ी मद इस बार भी संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा 19 दिसम्बर को 12 बजे पुष्पराज चौराहा के पास बिजली घर प्रांगण में इकठ्ठा होकर मार्च के माध्यम से इंकलाबी नारे लगाते हुए जेल परिसर में शहीद प्रतिमा पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा।साझी शाहाड़त्व साझी विरासत के नारे को बुलन्द किया जायेगा। वही इसी कड़ी में बालकिशन यादव ने कहा कि तैयारी पूरी हो चुकी है सभी कार्यकर्ता 11 बजे बिजली दफ्तर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाए। बैठक में कॉम सुंदरी,कॉम अखिलेश सिंह,कॉम एसपी सिंह,कॉम महावीर पाल,शिबानी,रेनू तिवारी,पूजा श्रीवास्तव,अरुणेष आदि साथी मोजूद रहे।

# फर्जी शिक्षकों से नहीं हो पाई करोड़ो की वसूली : अफसरों के छूट रहे हैं पसीने

गोंडा ब्यूरो : फर्जी शिक्षकों से वेतन वसूली में अफसरों के पसीने छूट रहे हैं। सिर्फ देवीपाटन मंडल के चार जिलों गोंडा, बलरामपुर, बहराइच व श्रावस्ती में अब तक 201 फर्जी शिक्षक सामने आए हैं। इनमें से 64 को वेतन के रूप में 12.62 करोड़ रुपये दे दिए गए थे जबकि



137 को कितना पैसा मिला इसका आकलन होना अभी बाकी है। प्रमुख सचिव ने वेतन वसूली में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए सभी बीएसए से स्पष्टीकरण मांगा है। इन चारों जिलों में 2008 से अब तक करीब 11 हजार शिक्षकों की नियुक्तियां हुईं हैं। सबसे अधिक नियुक्तियां 2015 से हुईं। भर्तियों में फर्जीवाड़े को लेकर एसटीएफ के साथ ही स्थानीय स्तर पर भी पड़ताल हुई। मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षकों का ब्योरा ऑनलाइन होने के साथ ही आधार और पैन कार्ड वेतन के खातों से लिंक कराने पर एक ही अभिलेख पर दो–दो शिक्षकों की नियुक्तियों के मामले उजागर हुए। ऐसे में फर्जी शिक्षकों की सेवा समाप्त कर केस दर्ज कराने व वेतन की वसूली का आदेश हुआ था। पर गोंडा में दो व श्रावस्ती में 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा ही दर्ज नहीं हुआ है। इसी तरह गोंडा में 13, बलरामपुर में 107 और श्रावस्ती में 14 फर्जी शिक्षकों के खिलाफ अभी तक रिकवरी का आकलन नहीं हो पाया है। फर्जी शिक्षकों के खिलाफ प्राथमिकता पर कार्रवाई कराने का निर्देश दिया गया है। हड़पे गए वेतन की रिकवरी करानी है। इसमें लापरवाही बरतने वालों से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।

– विनय मोहन, सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक शिक्षा

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / **R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।